सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-348
16/08/2017

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया ग्यारह लाख रूपये का अंशदान

पटना, 16 अगस्त 2017 :– भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री नित्यानंद राय ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य हेतु ग्यारह लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। बिहार में आयी वर्तमान आपदा के लिये प्राप्त होने वाला यह पहला अंशदान है। मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी को अंशदान करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर जल संसाधन तथा योजना एवं विकास मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, भाजपा संगठन के महामंत्री श्री नागेन्द्र, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री देवेश तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे।

******